दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 26-08-2025

# सीजे सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित



**बिलासपुर** | हाई कोर्ट में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हुए समारोह में विभिन्न संस्थानों ने परेड सहित अन्य आयोजन में हिस्सा लिया। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इन प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीजे सिन्हा ने कैप्टन आशीष शर्मा (एनसीसी, डीपी विप्र कॉलेज), मनोज सिन्हा (कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय), मोना केंवट (एनएसएस अधिकारी, पीएनएस कॉलेज) और धर्मेंद्र सिंह बैस (उप पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा) को सम्मानित किया। साथ ही, बी कंपनी, 12वीं वाहिनी, छग सशस्त्र बल, उच्च न्यायालय आवासीय परिसर के कंपनी कमांडर सरबराज सिन्हा, दूसरी वाहिनी छसबल कैम्प- हाई कोर्ट सुरक्षा कंपनी कमांडर बाबूलाल सोनवानी, जूयूओ आदित्य गिरी गोस्वामी और एयू के 7वीं श्री वाहिनी एनसीसी सीनियर डिवीजन अमर यादव को भी उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सीजे सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके साथ फोटो खिंचवाई। समारोह में न्यायिक अधिकारी, रजिस्ट्री के सदस्य व हाई कोर्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे।